करने के लिए तथा उसे आवश्यक जानकारी देने के लिए जरूरत पड़ने पर दिल्ली स्थित मुख्यालय से अपेक्षित परामर्श ले लेते हैं ।

(ख) उक्त अधिकारी के लिए न्यूनतम योग्यता इलैक्ट्रोनिकी और दूर संचार के कार्य में इंजीनियरिंग अथवा इसके समकक्ष क्षेत्र में स्नातक होना तथा इसमें 5 वर्ष या अधिक समय का अनुभव होना अनिवार्य है ।

(ग) जिन उद्यमियों को इलैक्ट्रोनिकी उद्योग में संस्थान ने अपनी सेवायें प्रदान की थी उनकी संख्या इस कार्यालय में सहज उपलब्ध नहीं हैं ।

क्षेत्रीय असन्तुलन समाप्त करने के लिए उद्योगों की स्थापना

3191. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान क्षेत्रीय असंतुलन समाप्त करने और महानगरों में भीड़भाड़ कम करने के लिए 1980 की औद्योगिक नीति के अंतर्गत क्या प्रयास किए गए हैं ; और

(ख) उत्तर प्रदेश के उन स्थानों के नाम क्या हैं ; जहां पिछले दो वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत उद्योग लगाए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन): (क) और (ख) जुलाई, 1991 में सरकार द्वारा घोषित नयी औद्योगिक नीति के अधीन इलैक्ट्रोनिक्स, कम्प्यूटर, साफ्टवेयर और छपाई उद्योगों के अतिरिक्त अन्य उद्योगों को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की मानक शहरी क्षेत्र सीमाओं की परिधि से 25 कि०मी० के घेरे के भीतर स्थापित नहीं किया जा सकता ।

पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगीकरण को कारगर रूप से बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने जून, 1988 में एक विकास केन्द्र योजना आरंभ की थी । इस योजना के अधीन उत्तर प्रदेश को आठ विकास केन्द्र आबंटित किए गए हैं । ये झांसी, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, इटावा, बुलंदशहर, जौनपुर, गोरखपुर और पौड़ीगढ़वाल जिलों में से प्रत्येक में एक-एक हैं । जो विकास केन्द्र आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्थापित होंगे, उन्हें सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायगी ।

Monitoring agency for credit facilities to small scale/rural sector

3192. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Central Government has decided to set up a monitoring agency to ensure adequate credit facilities to small scale and rural sector;

(b) if so, the composition of the monitoring agency;

(c) on what lines the monitoring agency will function; and

(d) in what manner the monitoring agency will help small scale and rural sector in providing financial facilities?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. J. KURIEN): (a) A special monitoring agency as envisaged in para 3.1 of the policy measures for promoting and strengthening small, tiny and village enterprises laid in Parliament on 6.8.91 has not yet been set up.

(b) to (d) Do not arise.

Orders with BHEL

3193. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what are the current orders with BHEL and the period by which the current orders are likely to be completed;

(b) what is the present position with regard to the orders booked by BHEL for 1992-93; and

(c) to what extent the capacity utilisation of BHEL is likely to fall/rise and effect its profitability with the orders position for 1992-93?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) The value of orders in hand with BHEL is Rs. 6600 crores appriximately. These orders are expected to be progressively completed by 1994-95.

(b) and (c) Based on contracted deliveries, BHEL has orders in hand worth Rs. 2700 crores for execution in 1992-83 compared to the budgetted turnover of Rs. 3200 crores for the current year. This order book position will adversely affect the profitability & capacity utilisation in BHEL. The capacity utilisation for power generating equipment in BHEL based on the firm orders, works out to following for 1992-93:

1. *Thermal*	
Boiler	36%
Turbine Generator	55%
2. Hydro	51%

Output in Hyderabad unit of Hindustan Cables Limited

3194. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Hyderabad unit of Hindustan Cables Limited (HCL) has been facing sharp deterioration in output and there is a set-back in executing export and domestic orders rendering about 2000 employees idle;

(b) if so, what is the annual percentage of decline in the Hyderabad unit of HCL since 1988-89 *vis-a-vis* decline in profits;

(c) what are the reasons therefor; and

(d) what measures are contemplated by Government to improve the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) During the last two years, there has been decline in output mainly due to shift in demand pattern of traditional products, severe competition and power restrictions. However, no employee has been rendered idle. Percentage decline in output and profit during the years 89-90 and 90-91 as compared to 88-89 is given below:

Year	Decline in output	Decline in profit
	(in—)	(Rs. in crores
1989-90	37	24.97
1990-91	44	35.26

(d) Government have approved schemes for conversion of dry core cable capacity to jelly filled cable capacity and diversification into allied fields.

हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड द्वारा विनिर्मित उत्पाद

3195. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड द्वारा किन-किन उत्पादों का विनिर्माण किया जा रहा है ;

(ख) इस समय इसकी कुल आस्तियों का मूल्य कितना है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान तथा इस वर्ष हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड के विरुद्ध कानून के अन्तर्गत दर्ज किए गए मामलों का ब्यौरा क्या है तथा ये मामले किस प्रकार के हैं ; और

(घ) इन मामलों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन): (क) मैसर्स हिन्दुस्तान लीवर लि० एक बहु उत्पाद कम्पनी है और इसके प्रमुख उत्पादों में साबुन, सिन्थेटिक, डिटर्जेन्ट्स, टथपेस्ट, परिष्कृत तेल सहित सोलवेन्ट एक्सट्रेटिड आयल, कौ समेटिक्स, फुटवेयर इत्यादि शामिल हैं ।